# बिहार सरकार
## पंचायती राज विभाग

**दिनांक–29.05.2025 को सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में पंचायत सरकार भवन में संशोधित भारत नेट कार्यक्रम के अंतर्गत भारत नेट उपकरणों के संस्थापन के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों के साथ आहूत बैठक की कार्यवाही :–**

---

सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना द्वारा सर्वप्रथम बैठक में सम्मिलित सभी पदाधिकारियों का स्वागत कर बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी।

- सर्वप्रथम प्रधान महाप्रबंधक, भारत नेट BSNL द्वारा भारत नेट कार्यक्रम के तहत राज्य के सभी पंचायतों में High Speed Broadband Connectivity सुनिश्चित करने के लिए सभी पंचायत सरकार भवन में भारत नेट उपकरण का Rack अधिष्ठापित करने का प्रस्ताव रखा गया।

- मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन द्वारा पंचायत सरकार भवन का मैप प्रदर्शित किया गया। इनके द्वारा सभी पंचायत सरकार भवन में भारत नेट उपकरण का रैक लगाने हेतु Stair Case के स्थान को चिन्हित करने का सुझाव दिया गया।

- मुख्य अभियंता के सुझाव के आलोक में उपकरणों के संस्थापन हेतु पंचायत सरकार भवन के Stair Case की उपयुक्तता का सत्यापन करने का निदेश दिया गया।

- सचिव, पंचायती राज विभाग द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों यथा–ITS PGM (Bharat Net) BSNL, मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, प्रबंधक PMU (BSWAN), सहायक महाप्रबंधक, BSNL को निदेशित किया गया कि आपस में समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र सुविधानुसार पंचायत सरकार भवन का स्थल निरीक्षण कर चिन्हित स्थल का सत्यापन करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि सभी पंचायत सरकार भवन में भारत नेट उपकरण के Rack का अधिष्ठापन किया जा सके।

- प्रस्तावित जगह अनुपयुक्त पाये जाने की स्थिति में यथोचित कमरा का सुझाव दे ताकि कार्यकारी एजेंसी के साथ बैठक का अंतिम निर्णय लिया जा सके।

- ITS PGM (Bharat Net) BSNL द्वारा नेट उपकरण के पंचायत सरकार भवन में Rack अधिष्ठापन हेतु सभी कार्यरत/निर्माणाधीन तथा प्रस्तावित पंचायत सरकार भवन के अक्षांश, देशांतर सहित सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

- सचिव, पंचायती राज विभाग द्वारा प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा–02 को निदेश दिया गया कि वांछित सूची दो दिनों के अंदर संबंधित को उपलब्ध कराना सुनिश्चित **करे।**

- 

कृ०पृ०उ०...

- BSWAN द्वारा भी पंचायत सरकार भवनों पर connectivity हेतु कार्रवाई की जा रही है। अतः BSWAN एवं Bharat Net द्वारा यथासंभव अपने equipments एक ही कमरे/जगह पर अधिष्ठापित किया जाय ताकि शेष कमरों/जगह का अन्य कार्यों के लिए उपयोग किया जा सके तथा cable आदि के लिए common conduit का भी प्रावधान किया जा सके।

- Solar light के माध्यम से विद्युत आपूर्ति की सुनिश्चित करने का प्रस्ताव तैयार करावे ताकि विद्युत विपत्र में कमी लायी जा सके।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

**(मनोज कुमार)**
सचिव

ज्ञापांक :–8प/वि० 13–09/2025/7074/पं०रा० पटना, दिनांक–04/6/2025
प्रतिलिपि :–ITS PGM (Bharat Net), BSNL, मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, प्रबंधक PMU (BSWAN), सहायक महाप्रबंधक, BSNL को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**(मनोज कुमार)**
सचिव

ज्ञापांक :–8प/वि० 13–09/2025/7074/पं०रा० पटना, दिनांक–04/6/2025
प्रतिलिपि :–सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव/निदेशक/परियोजना निदेशक/अपर सचिव/संयुक्त सचिव/उप सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/अवर सचिव/आन्तरिक वित्तीय सलाहकार/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/प्रभारी, अनुश्रवण कोषांग/आई०टी० मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**(मनोज कुमार)**
सचिव

ज्ञापांक :–8प/वि० 13–09/2025/7074/पं०रा० पटना, दिनांक–04/6/2025
प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**(मनोज कुमार)**
सचिव